# बिहार सरकार
## कार्यालय, नगर पंचायत, शेखोपुरसराय।

## निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 10/2025–26

(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, शेखोपुरसराय।

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 09.03.2026

3. टेंडर कागजात डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि : दिनांक– 24.03.2026 के 10:30 बजे से
दिनांक– 30.03.2026 के 03:00 बजे तक
(on website www.eproc2.bihar.gov.in)

4. प्री बीड मिटिंग का समय स्थान/तिथि : दिनांक– 25.03.2026
समय– 11:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक
स्थान– कार्यालय कक्ष, नगर पंचायत, शेखोपुरसराय,

5. निविदा अपलोड(जमा)करने की अंतिम तिथि/समयः दिनांक– 06.04.2026 के 15.00 बजे तक
(on website www.eproc2.bihar.gov.in)

6. तकनीकी एवं वित्तीय बीड
खोलने की तिथि/समय : दिनांक– 08.04.2026 को 13.30 बजे के बाद
(on website www.eproc2.bihar.gov.in)

7. अग्रधन, शपथ पत्र, Existing Commitment,
एवं अन्य कागजात (सभी मुल प्रति में)जमा करने
की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक– 07.04.2026 के 13.00 बजे तक
स्थान (i) कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, शेखोपुराराय का कार्यालय शेखोपुरसराय।
(ii) कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, लखीसराय –शेखपुरा, लखीसराय।
(iii) अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, मुंगेर ।

8 योजना एवं कार्य का विवरणः– 15 वीं वित्त आयोग, छठा वित्त आयोग, आंतरिक संसाघन मद एवं अन्य मद से कार्यान्वित योजना।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिणाम विपत्र का मुल्य बीड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) | बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस+ अन्य कर (रू0 में)(अप्रत्यर्पणीयरूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत शेखोपुरसराय के अंतर्गत वार्ड सं0 09 में दिनेश प्रसाद के घर से महेन्द्र यादव के घर होते हुए दिनेश यादव के दलान से उमेश यादव के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 21,08,150.00 | 43,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |

Rakesh Kr

ODS

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0– 03 में मुरसीद चाय दुकान के नजदीक से मोख्तार खान, कलीम, मोबीन, खातीब के घर से होते हुए जफरू शाह के तक पी0सी0सी0 ढलाई एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 49,93,640.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 03 | नगर पंचायत शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0 12 में अमन सिंह के घर से जालो मांझी के घर होते हुए मनी किशोर नोनीया के घर होते हुए रविदास के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 35,01,800.00 | 71,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 04 | नगर पंचायत शेखोपुरसराय के अंतर्गत वार्ड सं0 10 में विजय पंडित के घर से मौली राम के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 17,77,200.00 | 36,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 05 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0– 13 में पुल पर से लल्लु कुमार के घर से होते हुए गर्ल्स स्कुल से नदी तक पी0सी0सी0 रोड एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 44,22,800.00 | 89,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 06 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0– 05 में रविकांत पाण्डेय के घर से मनोज कुमार भारती से होते हुए कृष्णा प्रसाद के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 47,71,255.00 | 96,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 07 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0– 06 में पुल से विजय यादव के घर से होते हुए मिथलेश यादव, बहुदेव यादव, सुधीर यादव, सीताराम यादव, भोला स्थान से होते हुए सुधीर चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 ढलाई एवं आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 44,71,573.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 08 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0– 15 में आर0 डब्लु0 डी0 रोड और गोपी मंदिर से छिलका घाट और हरिजन चौपाल होते हुए बडेबीघा रोड तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 49,27,000.00 | 99,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 09 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अतंर्गत वार्ड सं0– 09 में ई0 किसान भवन से अस्पताल होते हुए भेड़िया पुल तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 37,71,000.00 | 76,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |

Rakesh Kr

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अंतर्गत वार्ड सं0– 15 में आर0 भोला यादव के घर से विकास यादव, दशरथ यादव, उपेन्द्र यादव के घर होते हुए कृष्णा यादव के घर तक पी0सी0सी0 रोड एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 49,88,600.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 11 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अंतर्गत वार्ड सं0– 15 में पश्चिम पैन से भोला यादव के घर होते हुए पानी टंकी तक आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 37,19,100.00 | 75,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 12 | नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के अंतर्गत मियनबीघा सर्म्पक पथ से धर्मेन्द्र सिंह के दलान(बगीचा) तक पी0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 39,35,100.00 | 79,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| | **पुनः निविदा** | | | | | |
| 13 | वार्ड सं0– 07 में विष्णु देव से प्रवीण सिंह से कामता सिंह दलान से विपिन सिंह के घर तक पी0सी0सी0 रोड़ एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण। | 32,62,260.00 | 65,500.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 14 | वार्ड सं0– 07 में शियाराम सिंह से सोनू कुमार के घर तक पी0सी0सी0 रोड़ एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण। | 19,87,748.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |
| 15 | वार्ड सं0– 07 में सतीश सिंह के घर से विनोद सिंह के घर तक पी0सी0सी0 रोड़ एवं आर0सी0सी0 नाला का निर्माण। | 19,40,012.00 | 39,000.00 | 5,000.00 | As per Eproc2 | तीन माह |

ODS

नोट :– Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc.bihar.gov.In

9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

10. निविदा कागजात अपलोड करने से पूर्वसंवेदक को **Bid Processing Fee** निम्न विधि से जमा करना होगा:– (1) "Bid Processing Fee" is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet payment gateway (Credit/debit Card), Net banking. NEFT/RTGS. (ii) "Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay/Non Submission of Tender/Non Reconciliation of online Payment caused due to Non-availability of Internet Connection, Network Traffic/Holidays or any other reason.

11. कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/ राज्य सरकार/ लोक उपक्रम में निबधित हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के ही निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सेपटेंस प्राप्त होने के बाद एवं एकरारनामा के पूर्व पथ निमार्ण विभाग/ ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य होगा। यदि भवन का निमार्ण कार्य होगा, तो भवन निमार्ण कार्य का निबंधन ही मान्य होगा।

12. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

13. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों का ई–टेन्डरिंग के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा जिससे कि उन्हे उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID) पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हे (www.eproc.bihar.gov.in) से डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए हेल्थ डेस्क प्रथम तल्ल एम/22 बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग रोड नं0–25, श्री कृष्णा नगर, पटना–800020, दूरभाष संख्या–0612–2523006, मो0 संख्या–7541028164 से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

14. स्थानीय अभिकर्त्ता श्रेणी–4 में निबंधित संवेदकों के पास सभी कार्य विभागों द्वारा आवंटित कार्यों में से Existing Commitment यदि 75 लाख (पचहत्तर) रूपये से अधिक है तो वे संवेदक इस निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे।

15. संवेदकों को कार्य स्थल, प्राक्कलन, क्वैरी स्थल एवं सामग्री स्थल इत्यादि की स्थिति, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता की स्थिति से पूर्णरूपेन संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा में भाग लेने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

16. <u>परिमाण विपत्र</u>

(1) उपर्युक्त निविदा परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, शेखोपुरसराय के पदनाम से शेखोपुरसराय में भुगतेय हो, स्वीकार किया जायेगा। जो निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए तथा निविदा करने के 48 घंटे के अन्दर संवेदक द्वारा कार्यालय में परिमाण विपत्र का मूल्य जमा किया जाना चाहिए।

(1) <u>अग्रधन</u>

(क) अनुमोदित परिमाण विपत्र के अनुसार परिमाण विपत्र के 2 (दो) प्रतिशत की दर से अग्रधन की राशि देय होगी। जो ऑन लाईन मोड में देय होगी।

(i) एक करोड़ से अधिक कार्य के लिए किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक का बैंक गारंटी अनुमान्य होगा।

(ग) संवेदक द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार की सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

(2) निविदा के समय जमा (अपलोड) किये जाने वाले कागजात स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए, जिसे स्वसत्यापित माना जायेगा।

(क) वैध निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।
(ख) साझेदार फार्म/कम्पनी के मामले मे डीड एंव आर्टिकल्स ऑफ एसोसियेशन की प्रति।
(ग) पैन कार्ड की प्रति।
(घ)G.S.T.निबंधन प्रमाण पत्र
(ड़) अधतन GST का रशिद
(च) अधतन चरित्र प्रमाण–पत्र उस जिले के आरक्षी अधीक्षक से निर्गत होना चाहिए, जिसमें जिला का पता निबंधन में अंकित है।

(3) संवेदक के अधीन लंबित (संबंधित जिला के सभी विभागों के अधीन निविदा की तिथि को Existing commitment कार्यो की राशि सहित सूची अपलोड करना है।

(4) घोषणा प्रमाण पत्र (मूल में)/(शपथ पत्र मूल में) (अपलोड)

"मैं अद्योहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरों में नाम)....................................................................

सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी श्री ...................................... शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि–

(क) मेरे/हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं हैं।

(ख) मुझे/हमें किसी सरकार/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा Debar, Blacklisted एवं विगत एक वित्तीय वर्ष के अंदर विखंडित (Rescind) नहीं किया गया हैं।

(ग) मेरे/हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्राय है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमण्डल के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता/प्रमण्डलीय लेखा पदाधिकारी/लेखापाल के रूप में कार्यरत नहीं है।

(घ) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण पत्र, कागजात विवरणी जाली एवं गलत नहीं हैं।

(ड़) संवेदक के पास (i) मिक्सर मशीन (ii) नोजल भाईब्रेटर (iii) संटरिंग प्लेट (iv) वाटर टैंकर उपरोक्त क्रमांक (i) से (iv) के साथ साथ एलीभेटर एवं स्टेजिंग पाईप का भी होना आवश्यक है, जो स्वयं का होना चाहिए अथवा किराये पर लेने कि स्थिति में संवेदक एवं स्वामी दोनों को लेने देने का मूल शपथ पत्र एवं प्रमाण के रूप में उपकरण का

Rakesh 19

ODS

स्वामित्व का कागजात एवं यंत्र–संयंत्र एवं गुण–नियंत्रण उपकरणों की स्वसत्यापित सूची भी अपलोड करना होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दिया जाएगा।

(च) बिटुमिनस पथ के कार्यो में प्रयुक्त होने वाले 60/70, 30/40, 80/100 Grade Packed बिटुमिन अथवा सामग्री जो लागू हो के क्रय एवं आपूर्त्ति की व्यवस्था संवेदक को स्वयं अपनी लागत पर करनी होगी। जिसके लिए उन्हें विभाग से किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा। बिटुमिन का क्रय केवल राष्ट्रीयकृत तेल कम्पनियों से ही करना होगा तथा बिटुमिन क्रय के 48 घंटों के अन्दर कैशमेमों संबंधित सहायक अभियंता के समकक्ष प्रस्तुत करते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी सूचित करना होगा। साथ ही साथ 24 घंटों के अन्दर बिटुमिन की क्वालिटी का जांच कराना होगा। BM, SDBC कार्य के लिए Hot Mix Plant, Vibratory Roller, Static Roller, Paver Finisher, Fe loader, Tipper आवश्यक है, जो स्वयं अथवा किराये पर हो सकता है, परन्तु तत्संबंधी प्रमाणक एवं आवश्यक शपथ –पत्र कंडिका (ग) के अनुरूप देना अनिवार्य होगा।

उक्त वांछितयंत्र संयत्र का भौतिक सत्यापन कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, शेखपुरा के द्वारा किया जाएगा। इसका प्रतिवेदन कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, शेखोपुरसराय द्वारा तकनीकी बीड/वित्तीय बीड के साथ समर्पित किया जाएगा। भौतिक सत्यापन निविदा के अनुसार नहीं होगा तो उनकी निविदा अमान्य कर दी जाएगी।

उपर्युक्त कंडिका 'क' 'ख' 'ग' एवं घ में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा, कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार द्वारा उनके उपर विधि सम्मत कार्रवाई के लिए विभाग स्वतंत्र होगा। चुंकि संवेदकों को निबंधन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नहीं हो रहा है, फलस्वरूप संवेदकों को बिहार PWD CODE के बिहार ठीकेदारी निबन्धन नियमावली–2007 के सुसंगत कंडिकाओं के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की जायेगी। यदि यह शर्त्तें संवेदकों को मान्य होगा, तभी वे निविदा डाले।

(छ) अनियोजित अभियंता निविदा देते समय कहाँ से /किस वर्ष (डिग्री)/डिप्लोमा) पास किये हैं तथा वे अब तक अनियोजित हैं, से संबंधित शपथ पत्र संलग्न करना होगा। निविदा/कार्य आवंटन की प्रक्रिया लोक निमार्ण संहिता के प्रावधानों के साथ की जाएगी। अनियोजित अभियंता के मामले में आवंटित कार्य के विरूद्ध अग्रधन की राशि मात्र 1 प्रतिशत ली जाएगी, जिसमें बैंक गारंटी भी अनुमान्य होगा। जमानत की शेष 9 प्रतिशत राशि उनके चालू विपत्र से कटौती की जाएगी।

(ज) यह स्पष्ट है कि निविदा के सभी कागजात website (www.eproc2.bihar.gov.in) पर अपलोड करना होगा, जो स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए।

(5) <u>प्रतिशत दर निविदा</u>

(क) कार्य के परिमाण विपत्र की राशि से प्रतिशत के रूप में अधिक, बराबर या कम दर (अंक एवं शब्दों में) अंकित किया जाय। अंक एवं शब्दों में अंकित दरों में विसंगति होने पर शब्द में अंकित दर की मान्यता दी जाएगी।

(ख) कार्य के परिमाण विपत्र के नीचे निविदित दर दिये जाने पर प्रधान सचिव, पथ निमार्ण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा निर्गत ज्ञापांक– 448(एस)/पटना दिनांक– 16.01.2020 के अनुसार एकरारनामा के समय अतिरिक्त Performance गारंटी (Additional Performance Guarantee) देना होगा।

17. सशर्त्त निविदा मान्य नहीं होगी।

18. <u>सक्षम प्राधिकार को बिना कोई कारण बताये निविदा के सभी/किन्हीं कार्यो को या किसी कार्य के किन्ही अंश/अंशों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।</u>

19. <u>निविदा निष्पादन</u>

(1) यदि निविदा की कंडिका संख्या 18 के अनुसार कोई भी कागजात नहीं रहेगा या अधूरा रहेगा तो उसके निविदा को अमान्य कर दिया जायेगा।

(2) सफल न्यूनतम दर दाता संवेदक की निविदा आवश्यकतानुसार दर वार्त्ता के उपरान्त स्वीकार की जायेगी।

(3) निविदा में सफल एकाधिक संवेदकों से उद्धृत दर सामान्य होने पर लॉटरी (ड्रॉ ऑफ लॉटरी) के आधार पर चयनित संवेदक के साथ ही यदि आवश्यकता हुई तो दर प्रक्रमण (दर वार्त्ता) किया जायेगा एवं नियमानुसार कार्य आवंटित किया जायेगा।

20. <u>एकरारनामा</u>

Rakesh K

(क) निविदा में सफल संवेदक को कार्य आवंटन की तिथि से 10 दिनों के अंदर लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र F2 (कंडिका–23 बिलोपित) पर एकरारनामा कर कार्य प्रारम्भ करना होगा।

(ख) एकरारनामा करने के उपरान्त मासिक कार्य योजना समर्पित करना होगा।

(ग) अविलम्ब कार्य स्थल पर कार्य से संबंधित सूचनापट उसकी आकार–प्रकार एवं उसमें भरे जाने वाले विवरण के संबंध में कार्य के प्रभारी अभियंता के निदेशों का पालन करना होगा।

21. अन्य शर्ते

(क) निविदा के निर्धारित अवधि के अंतर्गत ही कार्य को पूरा करना होगा विशेष परिस्थिति को छोड़कर अवधि विस्तार की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

(ख) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तथा कार्य स्थल के अनुसार निरूपण में परिर्वतन किया जा सकता हैं।

(ग) 25.00 लाख (पच्चीस लाख) रूपये तक के कार्यो में श्रेणी– 04 में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेगें अर्थात् अन्य श्रेणी– 1,2,3 में निबंधित संवेदक 25.00 लाख (पच्चीस लाख) रूपये एवं उससे कम के कार्यो की निविदा में भाग नहीं ले सकेगें।

(घ) निविदा मद में आवंटन उपलब्ध रहने पर ही एकरारनामा एवं भुगतान किया जायेगा। इसके लिए निविदादाता द्वारा कोई अनुरोध मान्य नहीं होगा।

22. कार्य समाप्ति की तिथि से संवेदको को उनके कार्य मे त्रुटि सुधार (Defect Liability Period) की बाध्यता कार्य समाप्ति की तिथि से 36 माह (तीन वर्ष) होगी तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर ही उनकी जमानत की राशि विमुक्त की जायेगी।

23. E-Tendering में कार्यालय द्वारा download करने मे संलग्न अभिलेख यदि अपठनीय पाया जायेगा तो निविदा अमान्य किया जा सकता हैं।

24. तकनीकी बीड में निविदा का उतना ही कागजात संलग्न करें जितना निविदा शर्त्तों की कंडिकाओं में अंकित है। निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिकाओं को पूरी तरह समझने के लिए कार्यालय अवधि में निविदाकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, शेखोपुरसराय से संपर्क कर सकते हैं।

25. तकनीकी बीड में निविदा का उतना ही कागजात संलग्न करे जितना निविदा शर्त्तों की कंडिकाओं में अंकित है। निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिकाओं को पूरी तरह समझने के लिए कार्यालय अवधि में निविदाकार कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, शेखपुरा/ कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, शेखोपुरसराय से संपर्क कर सकते हैं।

26. In the Unlikely event of the server for **www.eproc2.bihar.gov.in** being down for more than two consecutive hours (in the period from midnight to closing time for receipt of tenders) on the last date of receiving of bid, the last date of the same shall be extended by concern authority only to next working day till the last receiving time stipulated in the original NIT.

27. The bidders are requested to check their file size of uploaded documents at the time of submission & they should ensure that work file is uploaded. if they feel that the complete file is not uploaded then they should click on cancel & update the same before submission. The bidders should satisfy themselves of Download ability/visibility of the scanned & uploaded file by them.

28. The bidder must use MS office-2003 version File size should be less than 5 MB and should be in Ms word, Ms Excel, PDF and JPEG formats.

29. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by bidders, Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.

30. In exceptional circumstances, the competent authority, UD & HD may solicit the Bidder's consent to an extension of the period of validity.

31. Bids that are rejected during the bid opening process shall not be considered for further evaluation, irrespective of the circumstances.

32. The bidders shall submit their eligibility and qualification details, Technical bid, Financial bid etc. In the online standard formats given for respective tenders in e-Procurement website ( www.eproc2.bihar.gov.in) at the respective stage only. The bidders shall upload the scanned copies of all the levant certificates, documents etc. in support of their eligibility criteria/technical bids and others

Rakesh K

certificate/documents in the e-procurement website. The bidder shall sign on the supporting statements, documents, certificates, uploaded by him, owning responsibility for their correctness/authenticity.

33. **Corrigendum/Addendum, if any, will be published on the website it self.**

34. अनियोजित अभियंता के लिए कर्णांकित कार्यो हेतु–

(a) पथ निर्माण विभाग के प्र0–6/नियम–03–03/2001–1399(एस) दिनांक– 31.01.2008 द्वारा सभी शर्तों का अनुपालन करना होगा।

(b) शपथ पत्र मूल में देना होगा कि उन्होंने 3.50 करोड़ का कार्य से कम का कार्य अभी तक किया है।

(c) शपथ पत्र मुल में देना होगा कि किस वर्ष डिग्री/डिप्लोमा पास किया है तथा अबतक अनियोजित है।

35. राशि का भुगतान सें संबंधित मद में राशि की उपलब्धता के आलोक में की जाएगी।

36. पथ निर्माण विभाग के पत्रांक– 07/नियम–01–02/2023– पटना, दिनांक– 10.01.2024 का सभी शर्तों का अनुपालन करना होगा।

37. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र शेखपुरा होगा।

Rakesh Kr
9/3/26

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, शेखोपुरसराय।

ज्ञापांकः–250/ दिनांकः–09/03/2026

प्रतिलिपिः– सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार पटना/ अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल, लखीसराय–शेखपुरा, लखीसराय को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Rakesh Kr
9/3/26

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, शेखोपुरसराय।

ODS